नामांक Roll No.

No. of Questions — 30

No. of Printed Pages — 3

S—96—Hindi (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2010

हिन्दी

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i, ii, iii तथा iv) हैं । प्रत्येक भाग के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1 (i)	
1 (ii)	
1 (iii)	
1 (iv)	

1. (i) 'अमृतधारा' में समास है

   (अ) तत्पुरुष समास (ब) द्विगु समास

   (स) द्वन्द्व समास (द) कर्मधारय समास । 1

   (ii) 'उपवन' का पर्यायवाची शब्द है

   (अ) जंगल (ब) बगीचा

   (स) कानन (द) वन । 1

   (iii) 'नीलू' पाठ के लेखक हैं

   (अ) प्रतापनारायण मिश्र (ब) प्रेमचन्द

   (स) महादेवी वर्मा (द) डा० रामकुमार वर्मा । 1

   (iv) रवि-कर शब्द में कर का अर्थ है

   (अ) छाया (ब) प्रतिबिम्ब

   (स) परछाईं (द) किरण । 1

2. किन-किन रोगों में बाबा रामदेव की चिकित्सा रामबाण थी ? 2
3. विधाता ने किन पंचतत्वों के सम्मिश्रण से पुतला तैयार किया ? 2
4. रोशन के माता-पिता को किस बात की चिन्ता थी ? 'लक्ष्मी का स्वागत' एकांकी के आधार पर लिखिए । 2
5. कवि ने नवभारत के सुज्ञ सारथी किसे कहा है ? 2
6. 'हार' में 'आ' तथा 'परि' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए । $1\frac{1}{2}$
7. प्रत्यय किसे कहते हैं ? $1\frac{1}{2}$
8. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : $1\frac{1}{2}$

   (i) आगमन (ii) शुभ ।

9. निम्नलिखित युग्म शब्द का अर्थ भेद स्पष्ट कीजिए : $1\frac{1}{2}$

   (i) मातृ (ii) मात्र ।

10. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए : 2

    (i) सबके हृदय की बात जानने वाला ।

    (ii) जिसका अन्त न हो ।

11. निम्नलिखित वाक्य में विराम चिह्न लगाइए : 2

    मैं राजस्थान का नागरिक हूँ

12. भामा ने किससे, कौन सा फूल मंगवाया ? 2
13. चन्दवरदाई कौन था ? 2
14. निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 3

    (i) महेन्द्र (ii) नयन (iii) जगदीश ।

15. संज्ञा के भेद लिखिए । 3
16. अपने अंगरखे के नीचे शिवाजी ने किसकी तस्वीर रखी थी ? यह तस्वीर शिवाजी ने किसको दी ? 3
17. अग्रसेन ने किस नये राज्य की स्थापना की तथा वहाँ जल-सुविधा के लिए क्या किया ? 3

18. लव और कुश कौन थे ? 2

19. 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता में क्या सन्देश दिया गया है ? 3

20. नीलू को निमोनिया क्यों हो गया ? 3

21. दाँत हमें क्या शिक्षा देते हैं ? 3

22. 'शिवाजी' एकांकी के आधार पर उनके चरित्र की तीन विशेषताओं को लिखिए । 3

23. ''स्नेह और श्रद्धा से गाती है वीरों की वाणी'' वीरों की वाणी किसका यशोगान गाती है व क्यों ? 3

24. ''यह अवसर है स्वर्ण सुयुग है, खो न इसे नादानी में ।'' यहाँ 'अवसर' से कवि का क्या अभिप्राय है ? 3

25. निम्नलिखित मुहावरा व लोकोक्ति का अर्थ लिखिए : 2

(i) अपना उल्लू सीधा करना । (ii) काला अक्षर भैंस बराबर ।

26. शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्रधानाध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए । 4

27. अपने बड़े भाई को अपनी पढ़ाई के बारे में एक पत्र लिखिए । 4

28. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

स्वतंत्र भारत का सम्पूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं वे ही कल स्वतन्त्र भारत के नागरिक होंगे । भारत की उन्नति और उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करती है । अत: विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी से करना चाहिए । उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, समाज, धर्म और अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए ताकि उनके जीवन से राष्ट्र को बल प्राप्त हो सके ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । 1

(ii) भारत का कौन-सा दायित्व विद्यार्थियों पर है ? 1

(iii) विद्यार्थी को अपने जीवन का निर्माण कैसे करना चाहिए ? 1

(iv) गद्यांश का सारांश 30 शब्दों में लिखिए । 1

29. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर 15 पंक्तियों में सुन्दर सा निबन्ध लिखिए : 4

(i) होली का त्योहार (ii) मेरा प्रिय शिक्षक

(iii) विद्यालय का स्वतंत्रता दिवस (iv) कम्प्यूटर ।

30. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

उठे राष्ट्र तेरे कन्धों पर
बढ़े प्रगति के प्रांगण में,
पृथ्वी को रख दिया उठाकर
तूने नभ के आँगन में ।

अथवा

छड़ी तानकर बोला बालक रोष से —
बाधा देगी क्रीड़ा में यदि तू कभी
मार खाएगी, और तुझे दूँगा नहीं —
इस बच्चे को, चली जा, अरी भाग जा ।